# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

### (News Clipping)

दैनिक जागरण

12 जुलाई, 2020

# पलायन रोकने को शहर व गांव के अंतर को करना होगा दूर

**जागरण संवाददाता, रुड़की :** उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आइआइटी रुड़की के रीजनल कोआर्डिनेटिंग इंस्टीट्यूट की ओर से वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार की शुरुआत करते हुए रीजनल कोआर्डिनेटर प्रो. आशीष पांडे ने कहा कि देश के विकास के लिए गांव का विकास और गांव एवं शहर के अंतर को कम करना होगा। गरीबी को दूर करने के साथ ही गांव से शहर की ओर हो रहे पलायन को रोकना जरूरी है। आइआइटी रुड़की के उप निदेशक प्रो. एम परिदा ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत गांव का बेहतर विकास किया जा सकता है। प्रो. मनीष श्रीखंडे ने प्रवासियों के लिए स्थानीय आधार पर ही कुटीर उद्योग और छोटे-छोटे स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया। सेंटर के सीईओ आजम अली खान ने कहा कृषि क्षेत्र में अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए हैं। दीनदयाल कौशल केंद्र रुद्रपुर से प्रो. हरनाम सिंह प्रो. विवेक कुमार, नितिन वर्मा ने विचार व्यक्त किए।